विषय:- वाराणसी मंडल के यांत्रिक विभाग में अवर लिपिक ग्रेड पे 1900/- ...

अधिसूचना

विषय:- वाराणसी मंडल के यांत्रिक विभाग में अवर लिपिक ग्रेड पे 1900/- लेवल-02 के पद पर 16-2/3% (LDCE) कोटे के अंतर्गत पदोन्नति हेतु चयन (CBT) के माध्यम से भरने के सम्बन्ध में।

....

वाराणसी मण्डल के यांत्रिक विभाग में लिपिकीय संवर्ग में अवर लिपिक, लेवल-2(16-2/3% LDCE) के कुल 02 रिक्तियों (अना.-02, अजा-00, अजजा-00) को चयन के माध्यम से भरने निर्णय लिया गया है। इस चयन में सम्मिलित होने हेतु निम्नलिखित शर्तें/नियम होंगे :-

- वाराणसी मण्डल के यांत्रिक विभाग के अधीन चयन में लेवल-1 में कार्यरत सभी खलासी एवं सफाईवाला संवर्ग में कार्यरत वे कर्मचारी जिनका उनके कैडर में पदोन्नति का अवसर प्राप्त नहीं है, इस चयन हेतु अपना विकल्प दे सकते हैं।
- आवेदक कर्मचारी की अधिसूचना जारी होने की तिथि तक सम्बंधित वरीयता इकाई में 02 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होनी चाहिए।
- स्वय के अनुरोध पर तल्लीय वरीयता पर अपने मंडल में स्थानांतरण पर आये कर्मचारियों के सम्बन्ध में 02 वर्ष की सेवा का आकलन रेलवे बोर्ड द्वारा जारी RBE No. 34/2006 के अनुसार की जाएगी।
- शैक्षिक योग्यता के रूप में 50 प्रतिशत अंकों के साथ इण्टर/10+2 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अजा/अजजा के कर्मचारियों के लिए 50 प्रतिशत अंक की शर्त लागू नहीं होगी।
- लेवल-01 के ऐसे कर्मचारी जो इण्टर/10+2 से उपर के शैक्षिक योग्यता (अर्थात् स्नातक एवं उससे उपर) रखते हो, के लिए इण्टर/10+2 में 50 प्रतिशत अंक की शर्त पूर्ण न होने पर भी आवेदन करने हेतु पात्र है।
- लेवल-01 के ऐसे कर्मचारी जो एमएसीपी के तहत उच्च पे लेवल में है, पर नियमित रूप से लेवल-02 में पदोन्नत नहीं है, भी आवेदन करने के लिए पात्र है।

<u>इस चयन हेतु अन्य शर्ते निम्नवत है-</u>

- रेलवे बोर्ड के पत्र सं० ई (एन जी)-2003/सी.एँफ़.पी./2 दिनांक 22.09.2003 के अनुसार चयन CBT के माध्यम से होगी।
- उक्त चयन मेरिट के आधार पर होने के कारण इस चयन में Best among failure नीति लागू नहीं होगी।
- चयन में बहुविकल्पीय एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। चयन परीक्षा में Negative Marking होगी।
- इस चयन में कोई अनुपस्थित लिखित परीक्षा नहीं होगी।
- चयनित अभ्यर्थियों को पदोन्नति निधि से दो वर्ष के अन्दर RBE No. 19/2011 के अनुसार हिन्दी में 25 शब्द या अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टकण अर्हता उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।
- कर्मचारी इसे लिखित परीक्षा की तैयारी की सूचना समझे। कभी भी अल्प समय की सूचना पर लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी जा सकती है।
- नियंत्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक अपने अधीनस्थ उपरोक्त पात्रता वाले लेवल-01 के कर्मचारियों को इस अधिसूचना को नोट कराना एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र अपने नियंत्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक को जमा करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 तक होगी। नियंत्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक द्वारा आवेदन पत्र कार्मिक विभाग को भेजने की अंतिम तिथि 31.12.2025 तक होगी।
- उपरोक्त चयन में आईआईएम का कोई अन्य प्रावधान या रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर / नियम एवं शर्तें जो इस अधिसूचना में अनजाने में छोड़े गये हैं, उन्हें वैध और सक्रिय माना जाएगा।

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

नोट : उक्त अधिसूचना के साथ संलग्न पाठ्यक्रम मुख्यालय के निर्देश के आलोक में संशोधनीय होगा।

संलग्न: आवेदन पत्र का प्रोफोर्मा एवं पाठ्यक्रम।

सहायक कार्मिक अधिकारी
पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

सं.-का/यां/210/लिपिक/लूज/2025

दिनांक- 19.12.2025

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सभी शाखाधिकारी/ वाराणसी मंडल
2. महाप्रबंधक (कार्मिक), गोरखपुर
3. महाप्रबंधक (सर्तकता), गोरखपुर
4. सभी मु.कार्याधी/यांत्रिक/ विद्युत(ऑप)/कार्मिक
5. मण्डल मंत्री मेंस कांग्रेस, अजा एवं अजजा, ओबीसी एसो0 वाराणसी

कृते मण्डल रेल प्रबंधक/कार्मिक
पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

आवेदन का प्रारूप

Attested
Photograph
of Employee

वाराणसी मंडल के यांत्रिक विभाग के अधीन लिपकीय संवर्ग में अवर लिपिक ग्रेड पे–1900/– लेवल–2 में श्रेणी के अंतर्गत 16–2/3% पदोन्नति कोटे की रिक्तियों के विरूद्ध चयन के माध्यम से भरने के संबंध में।

1. नाम (सर्वश्री/श्रीमती/कुमारी)..
2. पिता/पति का नाम ....
3. समुदाय/जाति का नाम (सामान्य/अजा/अजजा)..
   (अजा/अजजा की स्थिति में जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
4. विभाग (लियन)..
5. वरीयता वाराणसी मंडल के किस विभाग में है..
6. स्वयं के अनुरोध पर वर्तमान इकाई में स्थानांतरण का विवरण/तिथि..
7. पारस्परिक स्थानांतरण पर वर्तमान इकाई में स्थानान्तरण का विवरण/तिथि..
8. वर्तमान विभाग में कार्यरत..
9. नियुक्ति तिथि..
10. 02 वर्ष की नियमित रेल सेवा पूर्ण करने की तिथि..
11. जन्म तिथि..
12. टी0एस0 प्राप्ति तिथि..
13. नियमितीकरण तिथि..
14. पदनाम एवं लेवल..
15. एमएसीपी के तहत पे लेवल, यदि हो..
16. भविष्य निधि संख्या..
17. कर्मचारी/एनपीएस/पी.एफ.नंबर/HRMS..
18. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)..
19. टंकण अर्हता सम्बन्धित घोषणा..
20. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (PWBD) (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)..
21. मोबाइल संख्या..
22. ईमेल आईडी ....

मै प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी सूचना/जानकारी सत्य है। यदि इसमें कोई असत्यता पायी जाती है तो (मेरा/मेरे) आवेदन को निरस्त कर दिया जाये।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

(   )

दिनांक–
स्थान–

नाम–
पदनाम–
कार्यालय–

नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रसारित
(अधिकारी का मुहर)

16 2/3% एलडीसीई कोटा के तहत जूनियर क्लर्क (लेवल–2) के पद पर चयन के लिए

पाठयकम

****

प्रश्न पत्र में 110 प्रश्न होगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा और परीक्षा 120 मिनट की अवधि की होगी। 110 प्रश्नों में से 10 प्रश्न राजभाषा नीति और राजभाषा नियमों पर आधारित होगे। यद्यपि कर्मचारियों को राजभाषा कर्मचारियों को राजभाषा नीति और राजभाषा नियमों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ये प्रश्न अनिवार्य नही होगें। इस लिए, उम्मीदवार को किन्हीं 100 प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए। प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें और बहुविकल्पीय होगो और इनमें निम्नलिखित से सम्बन्धित प्रश्न शामिल होने की संभावना है:

भाग	विषय	प्रश्नों की अनुमानित संख्या	विवरण
भाग (क)	अग्रेजी एवं हिन्दी (आनुपातिक रूप से)	40	प्रश्न मुख्य रूप से उपपदों, उप पदों, पूर्वसर्गों, समानार्थक शब्दों (समान अर्थ) और विलोम शब्दों (विपरीत अर्थ), सक्रिय–आवाज ओर निष्कय–आवाज, तुलना की डिग्री, शब्द वर्तनी जॉच, लुप्त अक्षर, वाक्य में शब्दों के सही कम की व्यवस्था आदि पर आधारित होगे।
भाग (ख)	अंकगणित, सामान्य ज्ञान (मुख्य रूप से रेलवे मामलों और रेलवे सेवा के दौरान रेलवे कर्मचारी द्वारा परिचित कार्यो से सम्बन्धित मामलों से सम्बन्धित अंकगणित, सामान्य ज्ञान में प्रश्नों के माध्यम से बुद्विमत्ता और दक्षता के सामान्य स्तर का परीक्षण करना)	60	प्रश्न मुख्यतः संख्या पद्वति, दशमलव, भिन्न, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, साधारण और चकवृद्वि ब्याज, लाभ और हानि, समसामयिक घटनाओं पर आधारित होगे।
भाग (ग)	राजभाषा	10*	राजभाषा नीति एवं नियम

*ये प्रश्न वैकल्पिक होगे।

****